# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा
संख्या-07

द्वितीय सत्र(बजट)
बुधवार, दिनांक-11 मार्च, 2015 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वा० से 4.40 बजे अप० तक।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

### 1. विविध चर्चायें:-

सभा की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही नेता प्रतिपक्ष सहित विपक्ष के प्रायः सभी माननीय सदस्य मास्क लगाकर सदन में आये और अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर राज्य में स्वाईन फ्लू से हो रही मौतों से बचाव के उपाय हेतु सरकार से माँग करने लगे। इस सम्बन्ध में माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव, श्री कुणाल षडंगी, श्री रवीन्द्रनाथ महतो एवं श्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा कई सुझाव दिये गये। माननीय स्वास्थ्य मंत्री, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा सरकार के स्तर पर किये जा रहे उपायों से सदन को अवगत कराया गया। माननीय मंत्री, श्री चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह ने भी इस विषय को गम्भीर बताया। विषय की गम्भीरता को देखते हुए आसन द्वारा आज ही 4.00 बजे अप० से लेकर 4.30 बजे अप० तक उक्त विषय पर चर्चा कराये जाने हेतु समय का निर्धारण किया गया।

### 2. कार्य स्थगन प्रस्ताव:-

माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव से राज्य में फैल रहे स्वाईन फ्लू से सम्बन्धित, श्रीमती निर्मला देवी, स०वि०स० से एन.टी.पी.सी. में भू रैयतों के साथ हो रहे अन्याय तथा श्री राज कुमार यादव, स० वि० स० से पंचायती राज विषयक कार्य स्थगन प्रस्ताव की प्राप्त सूचनायें नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य किये गये।

### 3. प्रश्न काल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

**(क) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-12**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) उत्तरित कुल-04- | अ० सू०-11, | श्री निर्भय कुमार शाहाबादी, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-58, | श्री राधाकृष्ण किशोर, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-59, | श्री अरुप चटर्जी, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-60, | श्री आलमगीर आलम, | स० वि० स०। |
| (ii) स्थगित कुल-02- | अ० सू०-04, | श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता, | स० वि० स० एवं |
| | अ० सू०-61, | श्री राधाकृष्ण किशोर, | स० वि० स०। |

(iii) अनागत कुल-06-अ० सू०-62 से अ० सू० 67 तक।

(कृ.पृ.उ.)

(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-79

(i) उत्तरित कुल-05- तारांकित-ग्राम्य-06,श्री फुलचन्द मण्डल, स० वि० स०,
तारांकित-पथ-07,श्री अशोक कुमार, स० वि० स०,
तारांकित-भ-01,श्री जगरनाथ महतो, स० वि० स०,
(श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स०वि०स० अधिकृत)
तारांकित-पथ-04,श्री दीपक बिरूवा, स० वि० स०,
तारांकित-137,श्रीमती मेनका सरदार, स० वि० स०।

(ii) अनागत कुल-74-तारांकित-138 से 211 तक

(माननीय सदस्या, श्रीमती मेनका सरदार द्वारा पूछे गये उक्त प्रश्न के आलोक में आसन द्वारा सरकार को निदेश दिया गया कि राज्य में प्रखण्ड बनाये जाने सम्बन्धी कतिपय प्रश्न पूछे जा रहे है, अतएव सरकार को जो भी इस सम्बन्ध में नियम, परिनियम बनाना है, वह बनाकर 31 मार्च, 2015 से पूर्व सदन को अवगत करायें।)

4.शून्यकाल:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयीं-

डॉ० अनिल मुर्मू,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री राज कुमार यादव,
श्री दशरथ गागराई,
श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता,
श्री आलमगीर आलम,
श्री योगेन्द्र प्रसाद,
श्री प्रकाश राम,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री लक्ष्मण टुडू,
श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
श्री अरूप चटर्जी,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री नारायण दास,
श्री बादल,
श्री कमल किशोर भगत,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री पौलुस सुरीन,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्रीमती मेनका सरदार,
श्री केदार हाजरा,
श्री बिरंची नारायण,
श्री शिवशंकर उरांव।

क्र.क्र.उ.

आज के लिए प्राप्त कुल 31 शून्यकाल की सूचनाओं में से 25 सूचनायें पढ़ी गयीं शेष को लिखित उत्तर हेतु सम्बन्धित विभागों में भेजे जाने सम्बन्धी निदेश आसन से प्राप्त हुआ।

(इस अवसर पर माननीय सदस्य श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी द्वारा पुन: गढ़वा में ट्रैक्टर वितरण में हुई अनियमितता की जाँच डायवर्ट किये जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया। माननीय सदस्य, श्री निर्भय कुमार शाहाबादी द्वारा 09 नवम्बर, 2012 को गिरिडीह में कैदी वाहन पर हमला करनेवाले अपराधी छोटका माँझी की पत्नी से पुन: जेल ब्रेक सम्बन्धी चिट्ठी प्राप्त होने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया। माननीय सदस्य, श्री अशोक कुमार ने रिम्स के बरामदे पर दो वर्षो से ईलाज के इंतजार में बैठे मरीज पर ध्यान दिये जाने का आग्रह किया जिसे माननीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा संज्ञान में लिया गया। माननीय मंत्री, श्री चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह ने प्रत्येक दिन सदन में चार बजे अप० के उपरांत 'सूचना काल' निधारित किये जाने की माँग की।)

## 5. ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार की ओर से वक्तव्य:-

श्री ग्लेन जोसेफ ग्लॉस्टन, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार की ओर से वक्तव्य दिया गया।

उक्त ध्यानकर्षण प्रस्ताव झारखण्ड अधिविद्य परिषद् में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के नियमितीकरण से सम्बन्धित था जिसपर सम्पूर्ण सदन की भावना को देखते हुए सम्यक् जाँच एवं प्रतिवेदन हेतु एक समिति बनाये जाने की घोषणा आसन से की गयी।

## 6.वित्तीय कार्य:-

श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा, प्रभारी मंत्री द्वारा **''ग्रामीण विकास विभाग''** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी।

श्री प्रदीप यादव, स0 वि0 स0 द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**(अन्तराल)**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

## 7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-6 से जारी):-

उपर्युक्त मांग पर श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

1. श्री केदार हाजरा,
2. श्री रवीन्द्रनाथ महतो,
3. श्री बिरंची नारायण,
4. श्रीमती जोबा मांझी,
5. श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
6. श्री मनोज कुमार यादव,
7. श्री संजीव सिंह,
8. श्री ईरफान अंसारी,
9. श्री जय प्रकाश वर्मा,
10. श्री अरुप चटर्जी,
11. श्री कुशवाहा शिवपुजन मेहता,
12. श्री राज कुमार यादव,

श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव सभा द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा **''ग्रामीण विकास विभाग''** से सम्बन्धित माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई।

## 8.विशेष चर्चा:-

अन्तराल के पूर्व आसन से हुए नियमन के आलोक में राज्य में पाँव पसारता स्वाईन फ्लू पर माननीय नेता, प्रतिपक्ष द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें माननीय सदस्य, सर्वश्री डॉ० जीतू चरण राम, ईरफान अंसारी, राधाकृष्ण किशोर एवं श्री नवीन जयसवाल ने भाग लिया तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही दिनांक- 12 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,

दिनांक- 11 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,

प्रभारी सचिव,

झारखण्ड विधान सभा।